Bareilly, Saturday, 1 April 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 16

दैनिक जागरण inext

एसआरएमएस की ओएसिस पर 4 विकेट से जीत

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (31 March): श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस टाउन क्रिकेट एकेडमी तथा आर्मी मस्टेलियंस और अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच हुए. जिसमें एसआरएमएस ने ओएसिस को चार विकेट से और आर्मी मस्टेलियंस ने अल्मा मातेर को 144 रन के बड़े अंतर से हराया.

तेजी से रन बनाए

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन शुक्रवार को पहला मैच एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ओएसिस टाउन क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ. पहले खेलते हुए ओएसिस की टीम 18.4 ओवर में 93 रन बना कर पैवेलियन वापस लौट गई. उसकी ओर से शिवम गोस्वामी (13 गेंदों पर 18 रन) और शिबली गाजी (15 गेंदों पर 25 रन) आक्रामक खेलते हुए तेजी से रन बनाए, लेकिन उनके साथ अन्य बल्लेबाज एसआरएमएस के गेंदबाज शुभम मिश्रा और हर्ष राणा (3-3 विकेट), अनंत भटनागर (2 विकेट), अर्पित यादव और नितेश भारद्वाज (1-1 विकेट) के आगे टिक नहीं पाए. जीतने के लिए 94 रनों का पीछा करने उतरी एसआरएमएस के बल्लेबाजों ने तेजी से खेलते हुए 16.1 ओवर में अपनी टीम को जीत दिला दी. एसआरएमएस की ओर से कप्तान आनंद यादव ने 14 गेंदों पर 27 रनों की आतिशी पारी खेली. इसमें पांच चौकों के साथ एक शानदार छक्का शामिल है.